सतना | बुधवार | 20 अगस्त 2025 | वर्ष 26 | अंक 346 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्र हित का प्रहरी १९३४ से


5 युवाओं और पर्यटन को दोहरी सौगात


6 उपराष्ट्रपति का चुनाव : सीपी राधाकृष्णन एनडीए के प्रत्याशी


7 मेड इन इंडिया योजना से मिली नई पहचान


8 बीमारी से जूझते यानिक सिन्नर ने यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स छोड़ा

# बारिश ने रोकी मुंबई की रफ्तार

## 20 साल का रिकॉर्ड टूटा | 14 लोगों की मौत | 48 घंटों से बारिश

**बारिश के आंकड़े**

- **विक्रोली** : 255.5 मिमी
- **भायकुला** : 241 मिमी
- **सांताक्रूज़** : 238.2 मिमी
- **जुहू** : 221.5 मिमी

**जनहानि और नुकसान**

- **प्रभावित गाँव** : 800+
- **जलमग्न कृषि भूमि** : 10 लाख एकड़
- मवेशियों की मौत और घर-दुकानों का नुकसान

**बंद सेवाएं**

- लोकल ट्रेनें रुकीं
- उड़ानों पर असर
- स्कूल-कॉलेज बंद
- दफ्तरों के लिए वर्क फॉम होम

**बंद सेवाएं और राहत कार्य**

- आपात बैठक सीएम फडणवीस की अध्यक्षता में
- एसएमएस अलर्ट सिस्टम लागू
- भूस्खलन क्षेत्रों में चौकसी
- अंतरराज्यीय समन्वय (कर्नाटक, गोवा से पानी छोड़ने पर नज़र)

**मुंबई, 19 अगस्त. महाराष्ट्र में जारी मूसलाधार बारिश ने 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है. मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार 2005 की भीषण वर्षा के बाद अब 2025 में एक बार फिर इतनी बारिश दर्ज की गई है. मौसम विभाग ने मंगलवार को मुंबई और उसके समीपवर्ती क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए बहुत अधिक बारिश की आशंका व्यक्त की है. पिछले 48 घंटों में राज्यभर में 14 लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है.**

मुंबई में 18 अगस्त सुबह 8.30 बजे से 19 अगस्त सुबह 8.30 बजे के बीच विक्रोली में 255.5 मिमी, भायकुला में 241 मिमी, सांताक्रूज़ में 238.2 मिमी और जुहू में 221.5 मिमी बारिश दर्ज की गई. लगातार बारिश से सड़कें तालाब में बदल गईं, जिससे यातायात पूरी तरह चरमरा गया. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने सभी सरकारी-अर्धसरकारी दफ्तरों और स्कूल-कॉलेजों को



बंद रखने का आदेश दिया है. निजी कंपनियों से 'वर्क फ्रॉम होम' की अपील की गई है.

रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है. मध्य रेलवे ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कुर्ला के बीच हार्बर लाइन सेवाएं और सायन-

**मायानगरी हुआ पानी-पानी जनजीवन अस्त-व्यस्त**

कुर्ला खंड पर मुख्य लाइन सेवाएं स्थगित कर दी हैं. हवाई सेवाओं पर भी असर पड़ा है और यात्रियों से अतिरिक्त समय लेकर यात्रा करने की अपील की गई है.

**लोगों से बीएमसी की अपील**

बीएमसी और प्रशासन ने नागरिकों से अनावश्यक यात्रा से बचने और घरों में सुरक्षित रहने की अपील की है. मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है.



**सरकार की तैयारी और राहत कार्य**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आपात बैठक में अधिकारियों को पारदर्शी राहत कार्य और एसएमएस अलर्ट के जरिए जनता को समय पर चेतावनी देने के निर्देश दिए. उन्होंने भूस्खलन संभावित इलाकों में चौकसी बढ़ाने और पर्यटन स्थलों पर सतर्कता बरतने के आदेश दिए. उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बताया कि राज्यभर में करीब 10 लाख एकड़ कृषि भूमि बारिश से जलमग्न हो गई है. विदर्भ में 2 लाख हेक्टेयर, जबकि मराठवाड़ा के 800 गांव प्रभावित हुए हैं.

# बीएस रेड्डी विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

**उपराष्ट्रपति चुनाव हुआ दक्षिण बनाम दक्षिण**



**नई दिल्ली. आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव अब केवल सत्ता बनाम विपक्ष की लड़ाई नहीं, बल्कि दक्षिण भारत बनाम दक्षिण भारत हो गया है. एनडीए ने तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है, तो इंडिया गठबंधन ने आंध्र प्रदेश के पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारकर बड़ा राजनीतिक दांव चला है.**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुदर्शन रेड्डी के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें देश का प्रगतिशील न्यायविद् बताया और कहा कि यह चुनाव केवल गणित नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्ष है. राहुल गांधी ने भी रेड्डी को संविधान और लोकतंत्र का सच्चा प्रतिनिधि बताते हुए बधाई दी.

सूत्रों के अनुसार विपक्ष ने सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाकर न सिर्फ नैतिक लड़ाई का संदेश दिया है, बल्कि आंध्र की राजनीति में टीडीपी और वाईएसआर कांग्रेस के सामने भी दुविधा खड़ी कर दी है. हालांकि टीडीपी नेता नारा लोकेश ने साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी है. दूसरी ओर, वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगन मोहन रेड्डी पहले ही राधाकृष्णन के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं.

तमिलनाडु में डीएमके का रुख भी अहम है. डीएमके ने कहा कि भाजपा ने केवल राजनीतिक रणनीति के तहत राधाकृष्णन को उतारा है, ताकि तमिल वोटरों को साधा जा सके. वहीं विपक्ष का दावा है कि सुदर्शन रेड्डी का नाम संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा के लिए सामने आया है.

संख्याबल के लिहाज से एनडीए का पलड़ा भारी है. 782 सदस्यों वाले निर्वाचन मंडल में बहुमत के लिए 392 वोट चाहिए.

**एक नजर में**

**कांगड़ा में भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये**

**शिमला/कांगड़ा.** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में सोमवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये. इसमें जान-माल के नुकसान की अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार रिक्टर पैमाने पर 3.9 तीव्रता का भूकंप रात 9.28 बजे आया और इसका केन्द्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था. जिले में तीन बार इसके झटके महसूस किये गये, जिससे कई निवासी घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए. हालांकि कम तीव्रता के कारण ज्यादातर लोग झटकों को महसूस नहीं कर पाये. कांगड़ा जिला जोन-5 में आता है जो सर्वाधिक भूकंपीय जोखिम वाली श्रेणी है. यह बार-बार आने वाले झटकों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है.

**इंडिगो की यात्री बस में लगी आग**

**नयी दिल्ली.** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के घरेलू टर्मिनल टी-1 पर मंगलवार (19 अगस्त 2025) दोपहर को यात्रियों को ले जाने वाली इंडिगो की बस में अचानक आग लग गई. यह बस विमान से टर्मिनल तक यात्रियों को लाने-ले जाने का कार्य करती है. जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 12.30 बजे बस के अगले हिस्से से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई. हालांकि राहत की बात यह रही कि उस समय बस के भीतर कोई यात्री मौजूद नहीं था. एयरपोर्ट की दमकल टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया. इस घटना से किसी भी उड़ान पर कोई असर नहीं पड़ा और हवाई अड्डे का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा.

**गुस्ताखी माफ**




# देश हित की कीमत पर हुई थी सिंधु जल संधि

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व पीएम नेहरु पर साधा निशाना**

**नयी दिल्ली, 19 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंधु जल संधि करने के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्होंने देश हित की कीमत पर पाकिस्तान को सिंधु का पानी दिया था.**

मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल की बैठक में कहा कि श्री नेहरू ने अपने मंत्रिमंडल को विश्वास में लिए बिना इस संधि पर पाकिस्तान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये थे. उन्होंने कहा कि देश हित की



कीमत पर यह संधि की गयी और सिंधु का जल पाकिस्तान को दे दिया गया. श्री नेहरू ने अपनी छवि चमकाई और 80 फीसदी से ज्यादा पानी को पाकिस्तान को इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी. प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पिछली सरकारों के 'पापों' को साफ करने में जुटी है.

मोदी ने बैठक में सभी सांसदों से राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को विजयी बनाने का अनुरोध किया. उन्होंने विपक्षी दलों से भी श्री राधाकृष्णन का समर्थन करने की अपील की. गौरतलब है कि एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी एक्स पर सिलसिलेवार एक के बाद एक पोस्ट कर सिंधु जल समझौते पर नेहरू को देश हित को दरकिनार कर समझौता करने पर दोषी ठहराया था.

# आठ पार्षदों ने अध्यक्ष से समर्थन लिया वापस

**भाजपा पार्षदों संग कांग्रेस पार्षद भी शामिल**

**खिरकिया, 19 अगस्त. नगर परिषद खिरकिया की राजनीति मंगलवार को अचानक गरमा गई, जब आठ पार्षदों ने अध्यक्ष इंद्रजीत कौर खनूजा से समर्थन वापस लेने का पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र शर्मा को सौंपा.**

पत्र में बारह पार्षदों के हस्ताक्षर दर्ज हैं, किंतु मौके पर आठ ही उपस्थित थे. इस कारण पूरे मामले ने नगर में नई चर्चाओं को जन्म दिया है.

**समर्थन वापसी का पत्र, पर सवाल भी खड़े:** पार्षदों ने पत्र में



उल्लेख किया है कि वे अध्यक्ष इंद्रजीत कौर के कार्य व्यवहार से असंतुष्ट हैं, इसलिए समर्थन वापस ले रहे हैं. आवेदन पर भाजपा पार्षदों के साथ कांग्रेस की पार्षद किरण आठनेरे का नाम भी है. सवाल उठ रहा है कि अगर कांग्रेस पार्षद ने समर्थन वापसी का निर्णय लिया तो उन्होंने अपने लेटरहेड पर आवेदन क्यों नहीं दिया और भाजपा पार्षदों के साथ क्यों गईं.

वहीं, आवेदन साधारण कागज पर टाइप कराए जाने पर भी संदेह जताया जा रहा है.

**नेताओं की प्रतिक्रियाएँ**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र शर्मा ने कहा अविश्वास प्रस्ताव आवेदन प्राप्त हुआ है. फ़ाइल तैयार कर कलेक्टर को भेजी जाएगी. भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने स्पष्ट किया संगठनात्मक दृष्टि से कांग्रेस पार्षद के साथ होने की जानकारी नहीं है. पार्षदों और अध्यक्ष के बीच सामंजस्य न होने की जानकारी पहले भी दी गई थी. वहीं, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साई ने कहा हमें मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है.

# सूर्य को एशिया कप की कमान

**नयी दिल्ली, 19 अगस्त. बीसीसीआई ने एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है. 9 सितंबर से यूएई में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में सूर्यकुमार यादव को कप्तान और शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है. गिल करीब एक साल बाद टी20 टीम में लौटे हैं, वहीं जसप्रीत बुमराह भी लंबे अंतराल के बाद वापसी कर रहे हैं.**

चीफ सेलेक्टर अजित



आगरकर ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की. इस बार श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को जगह नहीं मिली. टूर्नामेंट मूल रूप से भारत की मेजबानी में होना था, लेकिन पाकिस्तान के विरोध की आशंका के चलते मुकाबले यूएई में शिफ्ट किए गए हैं.

गौरतलब है कि 2023 में भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था. अब रोहित और विराट कोहली टी20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं. इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिससे टीम में नए चेहरे और रणनीतियां देखने को मिलेंगी.

# यूरोपीय देश नहीं चाहते शांति समझौता

## पुतिन के करीबी लावरोव ने साधा निशाना

**मॉस्को, 19 अगस्त. रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोप में कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है. अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक के बाद शांति समझौते पर चर्चाओं ने रफ्तार पकड़ी है.**

इसी बीच, रूस के विदेश मंत्री और पुतिन के करीबी सर्गेई लावरोव ने यूरोपीय देशों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यूरोप युद्ध रोकने के बजाय केवल अस्थायी संघर्षविराम चाहता है, ताकि बाद में यूक्रेन को हथियारों



की सप्लाई जारी रख सके.

रूस-समर्थक चैनल रूसिया 24 को दिए इंटरव्यू में लावरोव ने कहा, अलास्का में ट्रंप और पुतिन की बैठक बेहद सकारात्मक रही. यह साफ दिखा कि ट्रंप और उनकी टीम ईमानदारी से युद्ध रोकने की कोशिश कर रहे हैं. वे लंबे समय तक चलने वाला, टिकाऊ और विश्वसनीय समझौता चाहते हैं.

**अमेरिका अब यूक्रेन को हथियार नहीं देगा : रुबियो**

**वाशिंगटन.** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि उनका देश अब यूक्रेन को हथियार देने में दिलचस्पी नहीं रखता है और इसके बजाय नाटो के ज़रिए यूरोपीय देशों से भुगतान प्राप्त कर उन्हें हथियार बेचेगा. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और कई यूरोपीय राष्ट्राध्यक्षों के साथ बैठक के बाद 'फॉक्स न्यूज़' को दिए एक साक्षात्कार में रुबियो ने कहा, हम अब यूक्रेन को ना हथियार दे रहे हैं.

**उपराष्ट्रपति चुनाव** | विपक्ष सरकार को खुला मैदान देने को तैयार नहीं

# कड़ी चुनौती पेश करने में जुटा इंडिया समूह

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 19 अगस्त. उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडिया समूह के रणनीतिकार किसी भी हाल में राजग उम्मीदवार के लिए खुला मैदान देने को तैयार नहीं है.**

राजग द्वारा सर्वसम्मति व निर्विरोध के प्रयास को अनसुना करते हुए इंडिया समूह ने दक्षिण बनाम दक्षिण को ही महत्व देते हुए तेलंगाना से संबंध रखने वाले उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनाकर तमिलनाडु से संबंध रखने वाले राजग उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के सामने चुनौती पेश कर दी है.

सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों तमिलनाडु से राज्यसभा सांसद व डीएमके नेता तिरूची सिवा को उम्मीदवार बनाने का प्रयास किया गया था लेकिन इंडिया गठबंधन के कई सहयोगी दलों के राजनीतिक व व्यवहारिक सुझाव को ध्यान में रखते हुए तामिलनाडु के सिवा के बजाय पूर्व के आंध्रप्रदेश और अब तेलंगाना से संबंध रखने वाले रेड्डी को मैदान में उतारा गया है.

सूत्र बता रहे हैं कि राजग के रणनीतिकार जिस तरह से इंडिया समूह के डीएमके को घेरने की रणनीति बनाई है, उसी तर्ज पर इंडिया समूह के रणनीतिकार राजग सहयोगी टीडीपी और अन्य क्षेत्रीय दलों के सामने क्षेत्रीय अस्तित्व को आधार बनाकर घेरने का प्रयास कर रहे है. उनकी पार्टी के लोकसभा में 16 और राज्यसभा में दो सदस्य हैं. जगन मोहन की वाईएसआरसीपी के लोकसभा में चार सदस्य हैं, जबकि राज्य सभा में अभी सात सदस्य हैं. बी सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी के साथ दक्षिण के दलों की उपराष्ट्रपति चुनाव में परीक्षा तय हो गई है.

हालांकि सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से डीएमके में सेंध लगने की उम्मीद है. एम के स्टालिन की अगुवाई वाली डीएमके पास लोकसभा और राज्यसभा को मिलाकर कुल 32 वोट हैं. ऐसे में एनडीए और इंडिया अलायंस के दक्षिण कार्ड से दक्षिण के राजनीतिक दलों और वहां के सांसदों की मुश्किल बढ़ गई है. यही धर्मसंकट वाईएसआरसीपी और तेलंगाना में मुख्य विपक्ष बीआरएस के सामने भी होगा. बीआरएस के पास राज्यसभा में तीन सदस्य हैं. बहरहाल, अंकगणित में राजग की बढ़त के बावजूद यह माना जा रहा है कि दोनों पक्षों के निशाने पर दक्षिण भारतीय सांसद ही हैं.

# बैरसिया में लगेगा इलेक्ट्रानिक मैन्युफेक्चरिंग क्लस्टर्स

**कैबिनेट ने लिया निर्णय**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 अगस्त. राजधानी भोपाल के नजदीक बैरसिया के ग्राम बांदीखेड़ी में इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनेगा. क्लस्टर 210.21 एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा. इस परियोजना पर सरकार 371 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि खर्च करेगी, इसमें से राशि 146 करोड़ 63 लाख रुपये केन्द्रांश एवं 225 करोड़ 32 लाख रुपये राज्यांश होगा.**

कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. इसी के साथ राजधानी के करीब एक और बड़ी परियोजना के आकार लेने की राह खुल गई है. यह परियोजना भारत सरकार की प्राथमिकता के मुताबिक प्रस्ताव के तहत ईएमसी 2.0 परियोजना से इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के लिए एक मजबूत बुनियादी ढांचा आधार तैयार होगा. इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग ईएसडीएम क्षेत्र में नए निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा. निर्माण इकाइयों में रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी. गांधी चिकित्सा



महाविद्यालय, भोपाल के तहत इंडोक्राइनोलॉजी विभाग की स्थापना होगी. इसके लिये 20 नवीन पदों का सृजन भी होगा. कैबिनेट ने इस संबंध में पेश प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है.

इस निर्णय से राज्य में हार्मोन संबंधी रोगों के निदान एवं उपचार में उच्च गुणवत्ता की विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी तथा सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी. इंडोक्राइनोलॉजी के क्षेत्र में शोध और नवाचार को बढ़ावा भी मिलेगा.

कैबिनेट ने नर्मदापुरम, मुरैना, बालाघाट, शहडोल और सागर में नवीन शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय और वैलनेस सेंटर खोलने के लिए 1570 पदों की स्वीकृति दी है.

**दत्तक संतान के लिये भी मिलेगा पितृत्व अवकाश**

कैबिनेट ने मप्र सिविल सेवा (अवकाश) नियम 2025 को हरी झंडी दे दी है. निर्णय के मुताबिक अब महिला शासकीय सेवक सेरोगेट, कमीशनिंग मां को भी प्रसूति अवकाश की पात्रता होगी. अवकाश विभागों के शैक्षणिक संवर्ग को एक वर्ष में 10 दिवस के अर्जित अवकाश की पात्रता होगी. दत्तक संतान ग्रहण करने के लिये शासकीय सेवकों को कुल 15 दिवस के पितृत्व अवकाश की पात्रता होगी.